Title: Need to solve acute drinking water problem in Bundelkhand region, Uttar Pradesh.

श्री राम सजीवन (बांदा) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भूभाग के सूखा-अकाल पीड़ित बुंदेलखंड क्षेत्र में पेयजल का भीाण अभाव पैदा हो गया है। चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, ललितपुर, झांसी व जालौन जिलों के हैंड पम्प, कुंए, तालाब व छोटे-छोटे सभी नदी-नाले सूख गए हैं। लोग अपना घर-बार छोड़ कर पानी की तलाश में इधर-उधर पलायन कर रहे हैं। मवेशियों को लेकर नदी-नालों के किनारे जहां भी किसी प्रकार का पानी उपलब्ध है, वहां डेरा जमा कर अपनी और अपने मवेशियों की प्राण रक्षा कर रहे हैं। भयानक गर्मी और लू लगने तथा गंदा पानी पीने से आदमी और मवेशियों की मौतें हो रही हैं। गत वा से पेयजल उपलब्ध कराने की योजनाएं ठप पड़ी हैं। हैंड पम्प अधिठापित करने के लिए लाभार्थियों से लागत में वित्तीय शेयर मांगा जा रहा है। शेयर नहीं जमा होने की स्थिति में हैंड पम्प नहीं लगाए जाते। जमीन के नीचे पत्थर तोड़ने के लिए हैवी रिंग मशीन उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। पेयजल हेतु कुओं के निर्माण हेतु आर्थिक सहायता देना जरूरी है। स्थायी और अस्थायी उपायों द्वारा लगातार गहराती जा रही गंभीर पेयजल समस्या और भीाण रूप धारण करती जा रही पेयजल अभाव की समस्या का निदान किया जाए।